कार्यालय : प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,मोकामा,पटना।

दो वर्षीय प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन)सत्र **2019-21** में नामांकन हेतु सूचना।

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,मोकामा,पटना में अकादमिक सत्र 2019-21 के लिए दो वर्षीय सेवा पूर्व प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन) में नामांकन हेतु महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों से केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।–

क्र0सं0	संस्थान का नाम	नामांकन हेतु सीटों की संख्या
1	प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,मोकामा,पटना	200

निदेशक शोध एवं प्रशिक्षण,बिहार,पटना के ज्ञापांक –202, दिनांक –15.04.2019 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में सत्र 2019-21 में नामांकन का कार्य निम्न कैलेंडर के अनुसार होगा। –

दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करना (आवेदन प्राप्त करना प्रारंभ करने की तिथि)	20.04.2019 से
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	16.05.2019 तक
मेधा सूची का निर्माण एवं नामांकन समिति की बैठक का आयोजन	27.05.2019
मेधा सूची(सभी समर्पित आवेदन हेतु) का प्रकाशन (महाविद्यालय के वेबसाइट एवं सूचना–पट्ट पर)	30.05.2019
मेधा सूची पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आपत्ति प्राप्त करना	08.06.2019 तक
प्राप्त आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम मेधा सूची (सीट के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची) एवं कोटिवार/विषयवार सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची का प्रकाशन(महाविद्यालय के वेबसाइट एवं सूचना–पट्ट पर) एवं अंतिम मेधा सूची तथा सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची की हार्ड कॉपी की एक प्रति 18.06.2019 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित किया जाना।	14.06.2019
नामांकन हेतु सूचना प्रेषण(SMS, वेबसाइट एवं ई–मेल पर अनिवार्य रुप से तथा दूरभाष पर अतिरिक्त रुप में।)	18.06.2019
नामांकन (प्रथम सूची)	19.06.2019 से 24.06.2019 तक
प्रतीक्षक सूची से ऑफलाईन काउन्सिलिंग	25.06.2019 (कला/वाणिज्य) 26.06.2019 तक (विज्ञान)
अंतिम नामांकन प्रकिया	27.06.2019 से 04.07.2019 तक
नामांकन प्रकिया बंद	05.07.2019 से
कक्षा संचालन की तैयारी (परिचय पत्र,निबंधन, प्रशिक्षण महाविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं वरीय सत्र के छात्रों से पारस्परिक विचार–विमर्श इत्यादि)	05.07.2019 से

नामांकन हेतु अहर्ता–

1. नामांकन हेतु सामान्य अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इंटर/+2 में 50 प्रतिशत अंकों की होगी तथा अनु0जाति/जन जाति/निःशक्त के लिए 5 प्रतिशत की छूट होगी।
2. कुल सीटों में से 50 प्रतिशत सीटों पर नामांकन कला,वाणिज्य विषय के अभ्यर्थियों का तथा शेष 50 प्रतिशत सीटों पर नामांकन विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का लिया जाएगा।
3. नामांकन हेतु चयन का आधार 10 वीं एवं 12वीं कक्षा के प्राप्त प्राप्तांकों का प्रतिशत होगा। मेधा सूची का निर्माण दोनों श्रेणियों में कोटिवार 10 वीं एवं 12वीं कक्षा के प्राप्त प्राप्त अंको के प्रतिशत के औसत के आधार पर किया जाएगा। प्राप्तांको के प्रतिशत का औसत समान रहने पर अधिक योग्यताधारी वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। प्राप्तांकों के प्रतिशत का औसत एवं योग्यता समान रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. कुल सीट का 3 प्रतिशत निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा तथा कुल सीट का 10 प्रतिशत उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा। निःशक्त एवं उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण लागू होगा। परन्तु उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत सीट ही क्षैतिज रुप से आरक्षित रहेगी।
5. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु पहली जनवरी 2019 को 17 वर्ष होनी चाहिए तथा आयु की अधिकतम सीमा नही हैं।
6. नामांकन में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का अनुपालन किया जाएगा।

नामांकन शुल्क–

नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों से प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष में कमशः 11,500(ग्यारह हजार पॉच सौ) मात्र एवं 8500 (आठ हजार पॉच सौ) नामांकन शुल्क के रुप में ली जाएगी। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त अभ्यर्थियों से प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष में कमशः 7000(सात हजार) मात्र एवं 5000(पॉच हजार) मात्र शुल्क में ली जाऐगी।उपर्युक्त राशि विद्यार्थियों के मासिक भोजन एवं छात्रावास शुल्क को छोड़कर निर्धारित है ।

आवेदन –

राज्य की न्यूनतम अहर्ताधारी अभ्यर्थी नामांकन हेतु आवेदन **केवल ऑनलाइन माध्यम से** महाविद्यालय के वेबसाइट **www.ptecmokama.in** पर दिनांक–20.04.2019 से दिनांक– 16.05.2019 तक समर्पित करेंगें। **अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।**

आवेदन शुल्क–

आवेदकों को आवेदन मद में कुल रु0 100/– का भुगतान केवल ऑनलाइन **SBI Collect** के माध्यम से महाविद्यालय के वेबसाइट **www.ptecmokama.in** पर प्रदर्शित निर्देशों के अनुसार करना है। **अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान स्वीकार नही किया जायेगा।**

विशेष जानकारी हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, पटना अथवा महाविद्यालय के प्राचार्य के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

16/04/19
प्राचार्य

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
मोकामा,पटना।